गृह मंत्रालय

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जम्मू और कश्मीर से धारा 370 समाप्त किए जाने के निर्णय को बरकरार रखने का स्वागत किया

5 अगस्त, 2019 को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने एक दूरदर्शी निर्णय लेते हुए जम्मू और कश्मीर से धारा 370 को समाप्त कर दिया था

माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आज के निर्णय ने यह सिद्ध कर दिया कि धारा 370 को समाप्त करने का मोदी सरकार का निर्णय पूरी तरह संवैधानिक था

जम्मू और कश्मीर से धारा 370 हटने के बाद गरीबों, वंचितों के अधिकार बहाल हुए और अलगाववाद और पत्थरबाजी अब अतीत की बातें हो गई हैं

प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार जम्मू और कश्मीर और लद्दाख में स्थायी शांति स्थापित करने और वहां के सर्वांगीण विकास के प्रति कटिबद्ध है

पर्यटन, कृषि जैसे क्षेत्रों में हो रहे विकास से जम्मू और कश्मीर के साथ-साथ लद्दाख के लोगों की आय में वृद्धि हो रही है और वे समृद्ध बन रहे हैं

Posted On: 11 DEC 2023 2:43PM by PIB Delhi

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जम्मू और कश्मीर से धारा 370 समाप्त किए जाने के निर्णय को बरकरार रखने का स्वागत किया। X पर अपनी पोस्ट के माध्यम से श्री अमित शाह ने कहा कि 5 अगस्त, 2019 को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने एक दूरदर्शी निर्णय लेते हुए जम्मू और कश्मीर से धारा 370 को समाप्त कर दिया था। उन्होंने कहा कि 370 समाप्त किए जाने के बाद जम्मू और कश्मीर में शांति लौटी है और हिंसा से प्रभावित हुई ज़िंदगियों को विकास ने एक नया अर्थ दिया है। श्री शाह ने कहा कि पर्यटन, कृषि जैसे क्षेत्रों के विकास ने जम्मू और कश्मीर और लद्दाख के लोगों की आय में वृद्धि कर उन्हें समृद्ध बनाया है। उन्होंने कहा कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आज के निर्णय ने यह सिद्ध कर दिया है कि धारा 370 को समाप्त करने का मोदी सरकार का निर्णय पूरी तरह संवैधानिक था।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि जम्मू और कश्मीर से धारा 370 हटने के बाद गरीबों, वंचितों के अधिकार बहाल हुए और अलगाववाद और पत्थरबाजी अब अतीत की बातें हो गई हैं। उन्होंने कहा पूरे जम्मू और कश्मीर में अब मधुर संगीत गूंजता है और सांस्कृतिक पर्यटन आगे बढ़ रहा है। श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार जम्मू और कश्मीर और लद्दाख में स्थायी शांति स्थापित करने और वहां के सर्वांगीण विकास के प्रति कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि चाहे नई पहलों के साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना हो, अत्याधुनिक शैक्षिक बुनियादी ढांचे का निर्माण करना होया नीतियों के लाभों के साथ गरीबों को सशक्त बनाना हो, मोदी सरकार इस क्षेत्र के विकास के लिए पूरी ताकत से काम करती रहेगी।

Amit Shah
@AmitShah · **Follow**

I welcome the Honorable Supreme Court of India's verdict upholding the decision to abolish #Article370.

On the 5th of August 2019, PM @narendramodi Ji took a visionary decision to abrogate #Article370. Since then peace and normalcy have returned to J&K. Growth and development... Show more

Last edited 12:49 PM · Dec 11, 2023

28.2K Reply Share

Read 591 replies

Amit Shah
@AmitShah · **Follow**

After the abrogation of #Article370, the rights of the poor and deprived have been restored, and separatism and stone pelting are now things of the past. The entire region now echoes with melodious music and cultural tourism. The bonds of unity have strengthened, and integrity... Show more

12:49 PM · Dec 11, 2023

19.3K Reply Share

Read 571 replies

*****

आरके / आरआर / पीआर

(Release ID: 1984949) Visitor Counter : 314

Read this release in: English